अण्डमान निकोबार
द्वीप समाचार

संख्या 320 पोर्ट ब्लेयर, गुरूवार, 30 नवम्बर 2023 web: www. and.ni

बिग लपाती गांव में आयोजित हुई 'विकसित भारत संकल्प यात्रा'

सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभ उजागर

कार निकोबार, 29 नवंबर। कार निकोबार खंड में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के तहत आईईसी वैन आज बिग लपाती गांव पहुंची। वैन का बिग लपाती गांव में जनजातीय समुदाय द्वारा अपने पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ स्वागत किया गया। कार निकोबार के सहायक आयुक्त (मुख्यालय) श्री पीयूष वी. सिंह, जो कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे, ने सभा को संबोधित किया और संपूर्ण यात्रा के दौरान जनता से शत्–प्रतिशत संतृप्ति प्राप्त करने के लिए भारत सरकार की चालू योजनाओं से अधिकतम

शेष पृष्ठ 4 पर

बिग लपाती गांव में

––पृष्ठ 1 का शेष

लाभ उठाने का आग्रह किया। योजनाओं में आयुष्मान भारत–पीएमजेएवाई, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना–एनआरएलएम, पीएम आवास योजना (ग्रामीण) शामिल हैं। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का वीडियो बिग लपाती सामुदायिक हॉल में दिखाया गया और स्थानीय जनजातीय नेताओं और ग्रामीणों को संकल्प शपथ दिलाई गई। भारत सरकार की चल रही योजनाओं के लाभों के बारे में सभा को शिक्षित करने के लिए कार निकोबार में जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्रों द्वारा 'धरती कहे पुकार के' विषय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

निकोबार के उपायुक्त की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि विभिन्न संबंधित विभागों ने जनता को मौके पर ही सेवाएं प्रदान की। स्वास्थ्य विभाग ने स्वास्थ्य जांच शिविर, टीबी स्क्रीनिंग का आयोजन किया और कृषि विभाग और कृषि विज्ञान केंद्र ने 'सतक कृषि' के माध्यम से जैव कृषि तकनीक का प्रदर्शन किया। इसके अलावा, कई व्यक्तिगत लाभार्थियों ने भी 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' के माध्यम से सरकार से प्राप्त योजनाओं के लाभों और सफलता की कहानियों को साझा किया। कार निकोबार के सहायक आयुक्त (मुख्यालय) ने पात्र लाभार्थियों को टूल किट, केवीके से बीज, स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य कार्ड, कृषि विभाग द्वारा मृदा स्वास्थ्य कार्ड और मत्स्य विभाग द्वारा केसीसी कार्ड भी वितरित किए।